सुविचार
प्रभावशाली बनने की बजाय सच्चा बनना ही जीवन की असली ताकत है।

देश का नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

तापमान (डिग्री सेल्सियस)	अधिकतम	न्यूनतम	
जयपुर	39.8	28.1	28.0
दिल्ली	41.0	24.0	41.0
मुंबई	33.1	23.7	33.0

झुंझुनूं, राजस्थान, शनिवार, 18 अप्रैल, 2026 | वैशाख, शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2083 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सीरी के जयपुर केंद्र में इंडस्ट्रियल आईओटी प्रशिक्षण संपन्न, 4 यूनि. के साथ एमओयू

पिलानी | केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) के जयपुर स्थित केंद्र में एक माह का एडवांस्ड इंडस्ट्रियल आईओटी कौशल विकास कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सीरी ने शैक्षणिक और औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के लिए चार बड़े शैक्षणिक संस्थानों के साथ एमओयू भी किया। इसके तहत संयुक्त प्रशिक्षण, अनुसंधान, इंटर्नशिप, ज्ञान विनिमय को बढ़ावा दिया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनरट्रैक इंस्ट्रूमेंट्स प्रालि. के निदेशक अरविंद कौल ने कहा कि रोजगार के लिए किताबी ज्ञान जितना जरूरी है उतना ही व्यावहारिक कौशल और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की क्षमता जरूरी है। सीरी निदेशक पीसी पंचारिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम उभरती तकनीकों में उद्योगो के लिए स्किल्ड मानव संसाधन विकसित करने में मदद करते हैं। प्रशिक्षण में प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर, पीसीबी डिजाइन, एम्बेडेड सिस्टम, इंडस्ट्रियल आईओटी, एंड्रॉयड एप्लिकेशन डेवलपमेंट शामिल रहे। प्रतिभागियों ने उपकरण संचालन किया। प्रोजेक्ट भी तैयार किए। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए।